तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 9.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 10 दिसंबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



4

जिले में पीएम धन धान्य योजना का करें सुचारू क्रियान्वयनः कलेक्टर




## खबर संक्षेप



### 100 दिवसीय अभियान बनाएगा बाल विवाह मुक्त भारत

**जशपुरनगर।** जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन की टीम ने लवली हुड कॉलेज व टिकैतगंज के हॉस्टल मैं जाकर बाल विवाह के रोकथाम के लिए शपथ दिलाया और साथ ही अपने आसपास के घर मोहल्ला को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए जागरूक किया। बालविवाह मुक्त समाज बनाने के लिए कानूनी उपायों, सामुदायिक जागरूकता, और सरकारी पहलों का संयोजन आवश्यक है। इसमें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (2006) जैसे कानूनों का प्रभावी कार्यान्वयन, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की बाल विवाह मुक्त भारत जैसी पहलों और हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1098 और 181) के माध्यम से सूचना और सहायता प्रदान करना शामिल है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जशपुर की जिला समन्वयक अंजली ताम्रकार, बबिता ताम्रकार, रानी नायक वह अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### ई-फाइलिंग, ई-हियरिंग हेतु शिविर 24 को

**जशपुरनगर।** उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के प्रति जागरूकता एवं ई-फाइलिंग, ई-हियरिंग आदि हेतु 24 दिसंबर 2025 को जनपद पंचायत बगीचा के सभागृह में दोपहर 1 से 3 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर जिला उपभोक्ता आयोग सरगुजा अम्बिकापुर एवं जशपुर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर में सरगुजा अंबिकापुर के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एवं जशपुर लिंक कोर्ट द्वारा बगीचा क्षेत्र के अधिवक्ता गण, आम जन एवं पंच, सरपंच सामाजिक संस्थाएं एवं पत्रकार बंधुओं को आमंत्रित किया गया है।

### व्यक्तिगत शौचालय बनाने ग्रामीणों से आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** स्वच्छता को सम्मान का प्रतीक मानते हुए जिला पंचायत जशपुर ने ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय निर्माण को प्रोत्साहित करने शौचालय बनाओ दृ सम्मान बढ़ाओ पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत 504 शौचालयों के निर्माण हेतु पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह योजना शौचालय बनाओ, सम्मान बढ़ाओ के सिद्धांत पर आधारित है, जिसका उद्देश्य हर ग्रामीण परिवार को स्वच्छता की सुविधा प्रदान कर खुले में शौच मुक्त वातावरण बनाना है। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के आठ विकासखंडों में पात्र हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। इनमें पत्थलगांव में 224, बगीचा में 31, दुलदुला में 27, कुनकुरी में 65, कांसाबेल में 66, फरसाबहार में 79, जशपुर में 9 और मनोरा में 3 हितग्राही शामिल होंगे। इच्छुक ग्रामीण हितग्राही अपने-अपने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## विद्यालय के 81 पदों पर भर्ती अटकी, बच्चों की शिक्षा प्रभावित

# शिक्षकों की कमी से जूझ रहा आत्मानंद स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के आत्मानंद विद्यालयों को खुले लगभग 6 महीने बीत चुके हैं फिर भी विद्यालय शिक्षको की कमी से जूझ रहे हैं। जिससे बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है बच्चे जिन्हे राष्ट्र निर्माता कहा जाता है उन्हीं का भविष्य अन्धकार में जाता नजर आ रहा है।

गौरतलब है कि जिले के 11 सेजेस स्कूलों में 81पदो पर वेकेंसी निकाली गई थी। जिसमें सेजेस कोतबा, सेजेस दोकड़ा, सेजेस बगीचा, सेजेस तपकरा, सेजेस पत्थलगांव, सेजेस कांसाबेल, सेजेस फरसाबहार, सेजेस कुनकुरी, सेजेस पतराटोली , सेजेस जशपुर, सेजेस मनोरा, इन सभी विद्यालयों मे व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक, व्यायम शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक, प्रधान पाठक, लेखपाल, भृत्य, चौकीदार , कुल मिलाकर 81पदों पर वेकेंसी निकाली गई थी। जारी भर्ती विज्ञापन की स्तिथि मे सबसे ज्यादा पद सेजेस पत्थलगांव 13 पद और सेजेस फरसाबहार मे 12 पद खाली है।






### 15 तक अंतिम आदेश

सारी प्रक्रिया लगभग पूरी की जा चुकी है। 15 दिसंबर तक अंतिम आदेश कर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

**-रोहित व्यास,** कलेक्टर

### विभाग नही ले रहा दिलचस्पी

महीनों बीतने के बाद भी भर्ती प्रकिया की स्थिति का कुछ अता पता नही जिससे की जिले प्रशासन की आत्मानंद शासकीय विद्यालयों के प्रति बेरुखी साफ नजर आ रही है उच्च स्तर पर बैठे अधिकारियों को बच्चों के शिक्षा के प्रति इस प्रकार की उदासीनता आखिर कहां तक सही है।

### पालकों और बच्चों में नाराजगी

शैक्षणिक सत्र के आरंभ मे आई इस भर्ती को लेकर पालको और बच्चों को लगा था की जल्द ही उन्हे शिक्षक मील जाएंगे परन्तु ऐसा कुछ भी नही हुआ। नए शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के लगभग 6 महोने बिताने के बाद भी कुछ अता पता नही है जिससे बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है।

### ठंडे बस्ते में भर्ती की प्रक्रिया

भर्ती से जुड़ी आख़री अपडेट सितम्बर के शरुआत मे आयी थी उसके बाद से प्रक्रिया रुकी हुई है जबकि यह लगभग अपने अंतिम चरण मे आकर, हाथी निकल गया पूंछ अटक गई कहावत को चरितार्थ कर रही है।देखना होगा अंतिम चरण की पूंछ वाली प्रक्रिया कब तक पूरी होती है।



# सरकारी उचित मूल्य की दुकान में चोरों का धावा

- तकरीबन 31 बोरी चावल 6 बोरी शक्कर राशन पर हाथ साफ कर दिया
- सरपंच सचिव ने पुलिस थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई

**जशपुरनगर।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मटासी स्थित सरकारी उचित मूल्य की दुकान में चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने दुकान से तकरीबन 31 बोरी चावल, 6 बोरी शक्कर पर हाथ साफ कर दिया। सरपंच व सचिव ने थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार नारायणपुर ⏭ शेष पेज 4 पर





**पुलिस खंगाल रही सीसी टीवी फुटेज-** पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी है। अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही चोरों तक पहुंच बनाई जा सकेगी।

### खोजी कुत्ते भी चोरों तक नहीं पहुंच सके

मटासी पीडीएस में हुई चोरी की घटना की जांच में पुलिस ने सोमवार को डॉग स्क्वायड की मदद ली। जानकारी के अनुसार, टीम ने वारदात स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और खोजी कुत्ते को घटनास्थल से मिले शक के वस्तुओं की गंध सूंघाई। हालांकि कुत्ते ने आसपास के क्षेत्रों में कई जगह तलाश की, लेकिन लंबी खोजबीन के बाद भी किसी संदिग्ध के ठोस निशान नहीं मिल पाए।

### योजनाबद्ध वारदात

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चोरों ने वारदात को काफी योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया है, जिसके चलते खोजी कुत्ते भी उनकी छोड़ी गंध को पकड़ने में सफल नहीं हुए।

### उज्ज्वला योजना अंतर्गत जिले में आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत जिले में पात्र हितग्राहियों से निःशुल्क गैस कनेक्शन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि जिन हितग्राहियों ने हाल ही में आयोजित सुशासन त्योहार के दौरान शिविरों में गैस कनेक्शन के लिए आवेदन प्रस्तुत किए थे, उन्हें प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना आवास पूर्ण कर चुके लाभार्थियों को भी प्राथमिकता के आधार पर उज्ज्वला योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। इच्छुक पात्र हितग्राही निकटतम पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) दुकान में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। पीडीएस विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे प्रत्येक आवेदन का पंजीयन सुनिश्चित करें और आवश्यक दस्तावेजों सहित संपूर्ण प्रस्ताव संबंधित गैस एजेंसी को समयबद्ध तरीके से प्रेषित करें। जिला खाद्य अधिकारी आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि उज्ज्वला योजना 3.0 के अंतर्गत गरीब, ग्रामीण एवं पात्र परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। जिले में लोगों की सहूलियत को देखते हुए प्रशासन ने इसकी प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सरल बनाने के लिए पीडीएस दुकानों के माध्यम से आवेदन ग्रहण करने की व्यवस्था की है।



कार्यक्रम को सबोधित करतीं कौशल्या साय।

# कौशल्या साय ने मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- जिले में खेल अधोसंरचनाओं का तेजी से हो रहा विकास

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

जिले में खेल अधोसंरचना के विकास के तहत आधुनिक स्टेडियमों और खेल मैदानों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। यहां विभिन्न महत्वपूर्ण खेल आयोजनों के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर भी मिल रहा है। इसी तारतम्य में मुख्यमंत्री द्वारा घोषित कुनकुरी ब्लॉक के ग्राम डोडापानी में आज 51 लाख 24 हजार रुपये की लागत से निर्मित होने वाले मिनी स्टेडियम के निर्माण कार्य का कौशल्या साय ने भूमिपूजन किया। इस अवसर जनपद पंचायत अध्यक्ष कुनकुरी सुशीला साय, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता सिंह,जनपद उपाध्यक्ष बालेश्वर यादव, मंडल अध्यक्ष कुनकुरी शहर श्री राजकुमार गुप्ता सहित ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### युवाओं को किया प्रेरित

इस अवसर पर श्रीमती साय ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जिले में खेल अधोसंरचनाओं का तेजी से निर्माण करने के साथ ही खिलाड़ियों की आवश्यक सुविधा प्रदान की जा रही है। मिनी स्टेडियम के निर्माण से स्थानीय स्तर पर खेल सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं अभ्यास का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि गांव-गांव में खेल सुविधाओं को विकसित कर युवाओं को प्रोत्साहित किया जाए।

# पतराटोली हादसाः ट्रेलर चालक गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** दुलदुला थाना क्षेत्र के ग्राम पतराटोली में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में फरार चल रहे आरोपी ट्रेलर चालक को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



यह हादसा 6 और 7 दिसंबर 2025 की दरम्यानी रात नेशनल हाईवे-43 पर लोरों से पतराटोली के बीच पंडरीपानी मोड़ के पास हुआ था, जहां हुंडई आई-20 कार और ट्रेलर के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर में कार सवार पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में ट्रेलर चालक रियाजुद्दीन उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम भंडारों, थाना बरही, जिला हजारीबाग, झारखंड को ⏭ शेष पेज 4 पर

### ऐसे हुआ था दर्दनाक हादसा

ग्रामीणों से मिली सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची थी। ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे सभी पांच घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने सभी शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया था।

### मुंबई से बंगाल जा रहा था ट्रेलर

पुलिस पूछताछ में आरोपी चालक ने बताया कि वह मुंबई से लोहे-सीमेंट की इंडस्ट्रियल पाइप लेकर पश्चिम बंगाल जा रहा था। इसी दौरान पंडरीपानी मोड़ पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसने सामने से आ रही आई-20 कार को जोरदार टक्कर मार दी।

## साय के गृह जिले जशपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में मिली बड़ी उपलब्धि

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए मिली स्वीकृति




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मिली है। भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत राज्य स्तरीय तकनीकी समिति (सीएलटीसी) की 9वीं बैठक में नगरपालिका जशपुर के लिए 1 करोड़ 92 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। ⏭ शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रस्ताव पर सहमति देते हुए स्वीकृति के निर्देश दिए। इस योजना से जहां शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में मदद मिलेगी, वहीं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा।

### स्वच्छता दीदियों से सहयोग की अपील

नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने नगरवासियों से अपील की है कि वे घर का कचरा अलग-अलग कर स्वच्छता दीदियों को ही सौंपें, जिससे कचरा प्रबंधन और भी प्रभावी हो सके।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग का मिला लाभ

नगरपालिका जशपुर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में 10वीं रैंक प्राप्त हुई थी। इसी उपलब्धि को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों के लिए शासन ने यह स्वीकृति दी है। जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास ने नगर निकायों की समीक्षा बैठक में सीएमओ जशपुर को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए थे। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव से व्यक्तिगत रूप से स्वीकृति हेतु निवेदन किया था।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया ग्राम सम्पर्क जागरूकता अभियान

**सलका-अघिना।** सुरक्षित पारा कार्यक्रम अंतर्गत यूनिसेफ एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अघिना एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका के एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अघिना-सलका की रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रीता गिरी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका के कार्यक्रम अधिकारी सुनील चक्रधारी के नेतृत्व में 5 से 8 दिसंबर तक चयनित ग्रामों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। यूनिसेफ से प्रशिक्षित स्वयंसेवक बालक बालिकाओं को स्वच्छता, नशा मुक्ति, पोषण, लैंगिक हिंसा से सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहार परिवर्तन, शिक्षा के संबंध में नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, दीवार लेखन, पोस्टर, कविता, गीत एवं नारों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। भैयाथान विकासखंड के ग्राम पंचायत अघिना, सलका, केवटाली एवं कसकेला में स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया कि स्वच्छता सिर्फ साफ -सुथरी जगह का नाम नहीं,बल्कि हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण और समाज की नींव है। हम अपने आसपास को स्वच्छ रखेंगे तो हैजा डायरिया टाइफाइड और डेंगू जैसी बीमारियां से बचाव होगा। स्वयंसेवकों ने बताया कि कचरा खासकर प्लास्टिक नदियों जंगलों और मिट्टी को प्रदूषित करता है जिससे पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचता है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों ने बताया कि घर से थैला लेकर बाजार जाना चाहिए और प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना चाहिए। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रीता गिरी ने इस अभियान रूपरेखा और कार्य योजना की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम संपर्क अभियान योजना अंतर्गत भैयाथान के कुल चार ग्राम पंचायतों सलका,अघिना, केवटाली एवं कसकेला को चयनित किया गया है।

### जनपद सभा कक्ष में हुई विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक



**भैयाथान।** जनपद सभा कक्ष भैयाथान में जिला मिशन समन्वयक मनोज कुमार साहू के निर्देशन में शिक्षा विभाग की विकासखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान में संचालित प्रमुख योजनाओं सामाजिक अंकेक्षण, बोर्ड परीक्षा तैयारी, मध्यान्ह भोजन संचालन, विज्ञान विषय का 5 दिवसीय प्रशिक्षण, अपार डी-ग्रेड स्कूलों का निरीक्षण सहित अन्य गतिविधियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिला मिशन समन्वयक ने सभी संकुलों से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी फुलसाय माराबी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक सुरेन्द्र दुबे, एपीसी सुरविंद गुर्जर तथा सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, समयबद्ध कार्ययोजना और विद्यालयों में नियमित निरीक्षण पर विशेष जोर दिया गया।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से बाल-बाल बचे लोग



**सलका-अघिना।** साप्ताहिक बाजार में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब अनियंत्रित हुए तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार अंबिकापुर के समीप के कुछ शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सलका अघिना के आस पास स्कूलों में पदस्थ है। हर रोज स्कूलों आने जाने के लिए शिक्षक अंबिकापुर से स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 डीटी 1553 बुक कर ड्यूटी करने आए थे। हर रोज की भांति आज भी शिक्षक व शिक्षिकाएं स्कॉर्पियो से स्कूल ड्यूटी करने आए। चालक सनी दास आ. रमेश दास शिक्षकों को स्कूल में छोड़ने के बाद वाहन से घूमने चला गया इस बीच चालक इधर उधर घूम घूमने तथा शराब पीकर स्कूल की छुट्टी होने पर वापस स्कूल आने लगा। चालक वाहन काफी तेज गति से चला रहा था जिससे मुख्य मार्ग में कई लोग वाहन की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। वहीं स्कूल के समीप मुख्य मार्ग पर पंकज अग्रवाल के दुकान के बगल में जा टकराया जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों का कहना है कि कई लोग वाहन की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना लोगों ने भटगांव थाने में दी जिसके बाद पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर वाहन को जब्त किया है।

### स्व. गणेश प्रसाद की 15 वीं पुण्यतिथि पर किया गया फल वितरण

**अम्बिकापुर।** शहर के डीसी रोड निवासी स्वर्गीय गणेश प्रसाद वर्मा की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज परिवार एवं मित्रों द्वारा उन्हें स्मरण करते



श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही माँ महामाया मंदिर में फल एवं मिष्ठान वितरण किया। कार्यक्रम में रवि किशोर सिन्हा, श्रीमती लीला सिन्हा, सुरेंद्र वर्मा, आलोक श्रीवास्तव, विकास सिन्हा, शिवानी सिन्हा, आयुषी सिन्हा एवं परिवार के अन्य सदस्यों अलावा बड़ी संख्या में उनके मित्र उपस्थित रहे।

## एक पखवाड़े से विभाग चला रहा अभियान

# ग्रामीण विद्युत संभाग का बकाया राजस्व पहुंचा 150 करोड़, वसूली में जुटी 15 टीमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कोरोना काल में बिगड़ी बकाया राजस्व की स्थिति अब तक नहीं सुधर पाई है। लगातार विभाग का बकाया बढ़ रहा है जिसका असर विभाग की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा है। शासन की सख्ती के बाद अब बकाया राजस्व को वसूलने अधिकारी गांव-गांव में भ्रमण कर रहे हैं तथा बकाया राजस्व का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की बिजली काट रहे हैं।

**खास बात**

- बकाएदारों को मुनादी करा दी जा रही बकाया भुगतान की सूचना

ग्रामीण विद्युत संभाग का बकाया राजस्व दो साल में बढ़कर 150 करोड़ पहुंच गया है। शासन ने लगातार बढ़ रहे बकाया राजस्व पर अंकुश लगाने के साथ ही शत-प्रतिशत राजस्व को वसूलने का निर्देश दिया है। शासन के निर्देश पर विभाग की 15 टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में वसूली अभियान चला रही है। विभाग की सख्ती के बाद उपभोक्ता बिजली बिल नहीं मिलने एवं पूर्व में इस संबंध में सूचना नहीं देने का बहाना बना रहे हैं। विभाग की टीमें बकाएदारों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करने के साथ ही गांव-गांव में मुनादी करा तत्काल बकाया राजस्व भुगतान करने की सलाह दे रहे हैं। प्रारंभ में विभाग की टीमें औद्योगिक, व्यवसायिक एवं घरेलू कनेक्शन के बड़े बकाएदारों से संपर्क कर रहे हैं तथा न्यूनतम आधी बकाया राशि का भुगतान करने एवं शेष राशि किस्तों में देने की भी सुविधा दे रहे हैं तथा आनाकानी करने वाले बकाएदारों की बिजली काट दे रहे हैं। विभाग की सख्ती के बाद बड़े बकाएदार बकाया राजस्व का भुगतान भी कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं पशुपालन के अतिरिक्त जीविका का कोई अन्य साधन नहीं होने के कारण विभाग आर्थिक रूप से कमजोर उपभोक्ताओं को किस्त में बकाया राशि भुगतान करने की सुविधा दे रहा है इसके बावजूद बकाएदार बकाया राजस्व भुगतान करने में रूचि नहीं ले रहे है। बड़े बकाएदारों का बकाया वसूलने के बाद विभाग छोटे बकाएदारों पर भी सख्ती करने की तैयारी में है।



बकायादार की बिजली काटते कर्मचारी।

### 1850 ने रोका 12.5 करोड़

ग्रामीण क्षेत्रों में भी औद्योगिक एवं व्यवसायिक उपभोक्ता विद्युत का नियमित उपयोग तो कर रहे हैं लेकिन राजस्व भुगतान में रूचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे बकाएदारों का बकाया बढ़कर 50 से 1 लाख रूपए तक पहुंच गया है। 1697 उपभोक्ताओं ने विभाग का लगभग 11 करोड़ रूपए रोक रखा है। इन सभी का बकाया 50 हजार से अधिक पहुंच गया है। इसी तरह 6734 उपभोक्ता 1 लाख से अधिक राजस्व के बकाएदार हैं तथा विभाग का 1.87 करोड़ रूपए रोक रखे हैं। 69 औद्योगिक बकाएदारों पर 4.87 करोड़ वहीं गैर घरेलू 75 उपभोक्ताओं पर 50 लाख वहीं 14 लोगों के पास 26 लाख रूपए बकाया है। विभाग बड़े बकाएदारों की बिजली काटकर बकाया वसूल रहा है। विभाग की टीमों ने एक पखवाड़े के अपने प्रथम अभियान में 320 बकाएदारों से 78.52 लाख का बकाया वसूलने में सफलता पाई है। विभाग बकाया वसूलने अब सख्ती बढ़ाने की तैयारी में है।

#### 47 फीसदी नहीं कर रहे भुगतान

यह जानकर हैरानी हो सकती है ग्रामीण क्षेत्र के मात्र 53 फीसदी उपभोक्ता नियमित विद्युत बिल की राशि का भुगतान कर रहे हैं जबकि 47 फीसदी उपभोक्ता वर्षों से विद्युत राजस्व का भुगतान नहीं कर रहे हैं। ऐसे बकाएदारों को भ्रम है कि उनका बकाया राजस्व माफ हो जाएगा। अधिकारी ऐसे बकाएदारों को किस्त में बकाया भुगतान की सुविधा दे रहे है ताकि ऐसे लोगों में बिजली बिल भुगतान करने की आदत विकसित हो सके। अधिकारी ऐसे लोगों को विभाग के नियमों, भविष्य में संभावित विभागीय कार्रवाई की भी जानकारी दे रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विद्युत खपत बढ़ रही है तथा डिमांड में भी वृद्धि हुई है। नियमित बिल राशि का भुगतान नहीं होने के कारण प्रायः हर महीने लगभग 1.5 करोड़ का बकाया बढ़ रहा है।

#### की जा रही सख्ती

शासन के निर्देश पर विभाग बकाया राजस्व वसूलने अभियान चला रहा है। शत-प्रतिशत बकाया राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बकाया राजस्व का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की बिजली काटी जा रही है।

-रोशन नागवंशी
ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग



### एनएच 343 की जर्जर स्थिति से लोगों में आक्रोश, दी चक्का जाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बलरामपुर जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 343 की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अंबिकापुर से रामानुजगंज तक के इस मुख्य मार्ग पर लंबे समय से सड़क निर्माण कार्य लंबित होने तथा विभागीय उदासीनता के कारण सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है।

- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, धूल के गुबार ने बढ़ाई परेशानी

राजपुर शहर तथा आसपास के क्षेत्रों में गड्ढों, धूल के गुबार और लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं से आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। सड़क किनारे रहने वाले लोगों से लेकर प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों तक सभी के लिए यह स्थिति गंभीर समस्या का रूप ले चुकी है। विभागीय लापरवाही के विरोध में नागरिकों ने 11 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से नवकी मोड़ में सर्वदलीय शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन एवं चक्का जाम करने का निर्णय लेते हुए एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि एनएच-343 के नव निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा पेड़ों की कटाई सहित अन्य प्रारंभिक कार्य भी संपन्न कर लिए गए हैं इसके बावजूद सड़क की मरम्मत एवं डामरीकरण का कार्य शुरू नहीं किया जा रहा है। धूल की भारी मात्रा से शहर में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं और शाम होते ही सड़क पर दृश्यता कम होने से दुर्घटनाओं का खतरा और भी अधिक बढ़ जाता है। कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नागरिकों ने कहा कि सड़क निर्माण अत्यंत जरूरी विषय है। धूल और गड्ढों से न सिर्फ आमजन परेशान हो रहे हैं, बल्कि स्थानीय व्यापार भी प्रभावित है। इसलिए पक्ष-विपक्ष के सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से इस आंदोलन में सहयोग का आह्वान किया गया है। इस दौरान राजन त्रिपाठी, नीरज तिवारी, विकास बंसल, नरेश अग्रवाल, सुरेश सोनी, राजेश बंसल, कौशल चौबे, पिंटू अग्रवाल, सोनू यादव, जितेंद्र सोनी, संजय यादव, सुरेश यादव, राहुल बंसल, विश्वनाथ यादव, पंकज ठाकुर, विनोद जायसवाल, प्रिंस, सोनू सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### ओड़गी में हुआ उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत महापरीक्षा

**ओड़गी।** सभी को शिक्षा प्रदान करने राष्ट्रीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा रविवार को विकासखंड ओडगी में आयोजित किया गया जिसमें लगभग 85 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए थे। ग्राम के असाक्षर बड़े बुजुर्ग से लेकर बड़ी संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लिया और दिए गए प्रश्न पत्र को समझ कर अपनी समझ विकसित की। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर चलाया जा रहा कार्यक्रम है जो 15 वर्ष से बड़े उम्र के असाक्षर व्यक्तियों के बुनियादी समझ के लिए एवं उन्हें सरकार की चलाई गई योजना से जोड़ने हेतु चलाया जा रहा है। ओड़गी विकासखंड के 82 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित किया। प्रत्येक केन्द्र में विकासखंड के समस्त शिक्षकों ने अपना योगदान दिया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ओड़गी राजीव कुमार सिंह के गंदर्शन में एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह तथा विकास खण्ड के समस्त जन शिक्षक बीपीओ साक्षरता मो.महमूद के नेतृत्व में सम्पन्न कराया गया।



### मानी जलाशय जीर्णोद्धार एवं खोरमा-बांकी नदी में 5 करोड़ की रिटर्निंग वॉल मंजूर



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मानी और खोरमा–कैराडांड में क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने कुल 4 करोड़ 80 लाख रुपये से अधिक की लागत वाले महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

ग्राम पंचायत मानी में स्थित जलाशय के गहरीकरण, नहर लाइनिंग और जीर्णोद्धार का भूमिपूजन विधायक पोर्ते ने किया। इस परियोजना की लागत 2 करोड़ 13 लाख रुपये है, जो क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराएगी और जल संरक्षण को नई दिशा देगी। ग्रामीणों की मांग पर विधायक पोर्ते ने 5 लाख रुपए से मंदिर मरम्मत, 15 लाख रुपए के सामुदायिक भवन, एक हैंडपंप तथा अन्य 21 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की। विधायक शकुंतला सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार में प्रतापपुर विधानसभा चतुर्मुखी विकास की ओर तेजी से बढ़ रही है। विकास कार्यों में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके बाद विधायक खोरमा–कैराडांड पहुंचीं, जहां बांकी नदी के किनारे एनीकट के पास 2 करोड़ 67 लाख की लागत से बनने वाली विशाल रिटर्निंग वॉल का भूमिपूजन किया। यह निर्माण कार्य बरसात के दौरान होने वाले नदी कटाव को रोकेगा और किसानों की फसलों को सुरक्षा प्रदान करेगा। विधायक ने खोरमा क्षेत्र के विभिन्न आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए भी अतिरिक्त राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुकेश तायल, अक्षय तिवारी, आनंद शुक्ला, नपं अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह, अंबिका जायसवाल, अरविंद जायसवाल, सीबू सिंह, गिरीश पटेल, विक्रम नामदेव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

- कविधायक ने विभिन्न निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन



### अवैध रूप से खपाने ला रहे 300 बोरी धान जब्त

**राजपुर।** बलरामपुर कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशन में राजपुर प्रशासन ने अवैध धान परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है। रविवार देर रात को राजपुर एसडीएम देवेंद्र प्रधान के नेतृत्व में बरियो नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर की टीम ने अंबिकापुर से धंधापुर समिति की ओर अवैध रूप से खपाने के उद्देश्य से ले जाए जा रहे धान से भरी एक आयशर गाड़ी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि एक वाहन में बड़ी मात्रा में धान भरकर धंधापुर समिति में अवैध रूप से बेचने की कोशिश की जा रही है। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार की टीम ने वाहन का पीछा किया। लंबी दूरी तक पीछा करने के बाद ग्राम रेवतपुर के पास आयशर वाहन को रोका गया जांच में पाया गया कि गाड़ी में 300 बोरी धान लोड था, जिसका कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके पर अधिकारियों ने वाहन एवं धान को जब्त करते हुए उसे थाना राजपुर के सुपुर्द कर दिया है। धान परिवहन से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है। एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने कहा कि खरीदी सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से धान खपाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और जांच में जुड़े सभी व्यक्तियों की भूमिका स्पष्ट होते ही आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### डिप्टी सीएम ने 456 स्वच्छता दीदियों को प्रदान किया एप्रेन

**अम्बिकापुर।** सीनियर सीटीजन फोरम ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य आतित्य में ननि की 456 स्वच्छता दीदियों को एप्रन वितरित किया। सेनेटरी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री साव ने स्वच्छता दीदियों को एप्रेन प्रदान किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास एवं स्वच्छता अह्वान का परिणाम है कि शहर को स्वच्छ रखने में स्वच्छता दीदियां अपनी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। सीनियर सिटीजन फोरम ने स्वच्छता के क्षेत्र में कार्यरत दीदियों को एप्रेन देकर उनके उत्साह को बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने सीनियर सिटीजन फोरम के सदस्यों की सराहना की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, ननि आयुक्त डीएन कश्यप, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### वार्षिक खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने की भागीदारी

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट, शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, रिले रेस, रस्सी दौड़, भाला फेंक, खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक, तवा फेंक, शतरंज, कैरम आदि के खेल हुए। आनंद मेला में विद्यार्थियों ने विभिन्न व्यंजन और मनोरंजक गेम प्रदर्शित किया। इस दौरान अध्यक्ष सह चेयरमेन प्रमेन्द्र तिवारी, सीएओ राकेश तिवारी, प्राचार्य डॉ.छविरानी मंडल सहित अन्य अध्यापक उपस्थित थे।



### सेंट जेवियर्स स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 23 वां वार्षिक क्रीड़ा उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सेंट जेवियर्स स्कूल में शुक्रवार को 23वां स्थापना दिवस एवं संत फ्रांसिस जेवियर स्कूल दिवस के अवसर पर वार्षिक क्रीड़ा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा उपस्थित रहीं।

फा. मिखाएल एक्का ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से सम्मान किया। झंडोत्तोलन, चारों हाउस के शानदार मार्च-पास्ट तथा मुख्य अतिथि द्वारा खेल महोत्सव के औपचारिक उद्घाटन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। स्कूल कैबिनेट के खेल नायक-नायिकाओं को मुख्य अतिथि ने प्रज्ज्वलित मशाल सौंपकर खेल महोत्सव का शुभारंभ कराया। विद्यालय के प्राचार्य फादर सेबास्तियन तिग्गा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक उद्देश्यों और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए चल रही शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, व्यायाम और सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी नृत्य, एक्शन सॉन्ग, पी.टी., योगा, एरोबिक डांस और देशभक्ति प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। खेल स्पर्धाओं में बलून रेस, पोटैटो रेस, सैक रेस, स्पून रेस, रिले रेस, बांस दौड़, 50–400 मीटर दौड़ और रस्साकस्सी जैसी प्रतियोगिताओं ने उत्सव में रोमांच भर दिया। फादर आदेश लकड़ा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री शिवनाथ यादव, नपं अध्यक्ष धरम सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रवीण कुमार अग्रवाल, पार्षद राजन त्रिपाठी तथा सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रभारी प्रबंधक फादर कोर्नेलियुस एक्का, स्कूल प्रबंधन से अनुप एक्का, प्रशांत किस्पोटा, सुश्री सुनीता एक्का, सुमनसाय, अमोल कुमार मारकाम सहित अन्य मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने शराब पीते प्रधान पाठक का बनाया वीडियो, भेजे बीईओ को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक की मनमानी से परेशान ग्रामीणों द्वारा बीईओ को कई बार शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से नाराज पंचों ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया तथा स्कूल से लापता प्रधान पाठक का ग्रामीणों के साथ शराब पीते वीडियो बनाया। सरपंच ने गांव के जनप्रतिनिधियों के साथ स्कूल निरीक्षण की रिपोर्ट एवं प्रधान पाठक का शराब पीते वीडियो बीईओ को भेजकर उसे तत्काल हटाने की मांग की है।

- बार-बार शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से नाराजगी

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम करौटी ए में लम्बे समय से प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला का संचालन किया जा रहा है। सरपंच गजभोजन सिंह ने बताया कि मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक संजय सिंह मनमानी तरीके से विद्यालय पहुंचते हैं तथा उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के बाद स्कूल से बाहर निकल जाते हैं। प्रधान पाठक किसी ग्रामीण के घर में शराब पीते नजर आते हैं तथा नशे में कही भी गिरकर घंटों पड़े रहते हैं। प्रधान पाठक की मनमानी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है साथ ही स्कूल का वातावरण भी खराब हो रहा है। सरपंच ने पूर्व में भी स्कूल का निरीक्षण कर रिपोर्ट बीईओ को भेजी थी। इस संबंध में कई बार शिकायतें भी की। कलेक्टर जनदर्शन एवं शिविर में प्रधानपाठक की शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। सोमवार को सरपंच एवं पंचों ने दोपहर 2.30 बजे स्कूल का निरीक्षण किया तो प्रधानपाठक सहित तीन शिक्षक अनुपस्थित मिले। इस दौरान गांव के ही एक घर में प्रधान पाठक द्वारा ग्रामीणों के साथ शराब पीने की सूचना पर जनप्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुंचे तथा प्रधानपाठक की वीडियों बना बीईओ को भेजी।



इस संबंध में बीईओ राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि सरपंच की शिकायत मिली है। शिकायत की जांच उपरांत प्रधान पाठक के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शासकीय महाविद्यालय में समरसता दिवस मनाया गया

**बिश्रामपुर।** भारत रत्न और भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बिश्रामपुर द्वारा शासकीय नवीन महाविद्यालय में समरसता दिवस गरिमापूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षक गतिविधि रंगोली प्रतियोगिता रही,छात्र-छात्राओं ने संविधान, सामाजिक न्याय, समानता, शिक्षा, राष्ट्रनिर्माण और अंबेडकर के प्रेरक संदेशों को रंगों में सजाकर अद्भुत कलाकृतियां पेश की, संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि युवा पीढ़ी इस तरह की प्रतियोगिताओं से न केवल अपनी कला दिखाती है बल्कि सामाजिक मूल्यों को भी जीवंत बनाती है।



# जल्लाद के रोल में असली धुरंधर साबित हुए अक्षय...

**नई दिल्ली।** फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस में भौकाल मचा रही है, वहीं सोशल मीडिया पर रहमान डकैत बने अक्षय खन्ना ट्रेंड कर रहे हैं। अक्षय खन्ना खूंखार गैंगस्टर के किरदार में धांसू लगे हैं, जिसके दहशत से लोग कभी थरथर कांपते थे। उसके कारनामे देखकर लोगों के हलक सूख जाते थे। फिल्म में रहमान डकैत बने अक्षय खन्ना की अदाकारी फिल्म के बाकी धुरंधरों पर भारी पड़ रही है। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' असली घटनाओं से प्रेरित है, जिसमें भारत-पाक के आतंकवाद के खिलाफ जंग को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी 2000 के दशक के आखिर में कराची के लियारी इलाके के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

लाइफ Style

# शुभांगी

## तन्वी द ग्रेट के लिए मिला बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने अनुपम खेर की निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इसी फिल्म के लिए उन्हें ऑस्ट्रेलिया के अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

यह कार्यक्रम 6 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। 'तन्वी द ग्रेट' के लिए शुभांगी दत्त को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस फेस्टिवल में 'तन्वी द ग्रेट' को बेस्ट स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड भी मिला। स्क्रीनप्ले अनुपम खेर, अभिषेक दीक्षित और अंकुर सुमन ने मिलकर लिखा था। शुभांगी ने खुशी जताते हुए कहा, 'यह अवॉर्ड जीतना बहुत खास और अजीब सा लग रहा है। तन्वी का किरदार बहुत ईमानदारी, कमजोरी, अनुशासन और ताकत मांगता था।' आगे शुभांगी ने अनुपम का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, मैं बहुत शुक्रगुजार हूं कि दुनिया भर के दर्शकों को फिल्म और उसका सुंदर मैसेज पसंद आया। अनुपम सर का बहुत-बहुत शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे जिंदगी भर याद रहने वाला रोल दिया। इस दौरान अनुपम खेर ने कहा, 'यह बहुत अच्छी जीत है। शुभांगी ने तन्वी के किरदार में पूरी जान डाल दी। यह फिल्म दिल से बनी है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा जाना बहुत खुशी की बात है।' फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की कहानी एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की है, जो अपने दिवंगत पिता का सपना पूरा करने के लिए सियाचिन (दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र) पहुंचकर भारतीय तिरंगा फहराना चाहती है।




हॉलीवुड मसाला



# शादी के लिए वेन्यू की तलाश खत्म

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सिंगर और युवा दिलों की धड़कन टेलर स्विफ्ट ने जब फुटबॉल प्लेयर ट्रैविस केल्स संग सगाई की घोषणा की, तो दुनियाभर में उनके फैंस दीवाने हो गए। टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स रोड आइलैंड के ओशन हाउस में शादी करने का प्लान बना रहे हैं। यह शादी 13 जून, 2026 को होने वाली है। टेलर स्विफ्ट अपनी 1.6 बिलियन डॉलर (14416.88 करोड़ रुपए) की नेट वर्थ में से अच्छा-खासा पैसा अपनी लग्जरी वेडिंग पर खर्च करने वाली हैं। दोनों टेनेसी में एक ब्लैकबेरी फार्म पर भी कुछ समय के लिए विचार कर रहे थे। लेकिन, अब शादी के लिए अगल वेन्यू 'ओशन हाउस होटल' तय किया गया है।



# 17 साल का लड़का, जो 9 लोगों का करता है मर्डर

**लॉस एंजिल्स।** एक साइकोलॉजिकल हॉरर-ड्रामा सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी पहला सीजन 2013 में आया था और आखिरी सीजन 2017 में आया था। इसे कार्लटन क्यूज, केरी एहरिन और एंथनी सिप्रियानो ने मिलकर डेवलप किया था। इसके डायरेक्शन में टकर गेट्स, टीम मेंटॉर्फ और सारा बॉयड जैसे कई एक्सपीरियंसड नाम जुड़े थे। इस सीरीज की खासियत इसकी डार्क टोन और किरदारों की गहराई में उतरती कहानी है। इस सीरीज की कहानी नॉर्मन बेट्स और उसकी मां नॉर्मा के रिश्तों के ईद-गिर्द घूमती है। कैसे वे एक छोटे शहर में नया जीवन शुरू करने के लिए मोटल खरीदते हैं, लेकिन धीरे-धीरे मिस्टीरियस घटनाएं और नॉर्मन की मेंटल हेल्थ सामने आती है। सीरीज दिखाया गया है कि कैसे मासूम सा दिखने वाला नॉर्मन एक खतरनाक सीरियल किलर बन जाता है, जो 9 लोगों को मौत के घाट उतार देता है।



# बेटी के जन्म के बाद पहली बार दिखीं

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अपने पहले बच्चे को जन्म देने के बाद पहली बार पब्लिकली नजर आईं। उन्होंने 15 जुलाई 2025 को बेटी सरायाह मल्होत्रा को जन्म दिया था। अब करीब 6 महीने बाद फैंस को उनकी झलक देखने को मिली है। कियारा ने पपाराजी से बात भी की। उन्होंने ये भी बताया कि उनकी बेटी कैसी है। कियारा आडवाणी के वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस का कहना है कि बेटी को जन्म देने के बाद भी कियारा बिल्कुल नहीं बदली हैं। वो पहले जैसी ही फिट और खूबसूरत दिख रही हैं। कियारा से पपाराजी ने पूछा कि उनकी बेटी सरायाह मल्होत्रा कैसी हैं तो उन्होंने कहा कि वो बिल्कुल ठीक हैं। मालूम हो कि कियारा ने 7 फरवरी 2023 को सिद्धार्थ मल्होत्रा से जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में ग्रैंड वेडिंग की थी।



# हैवान की शूटिंग हुई खत्म सैफ ने काटा केक

**मुंबई।** अक्षय कुमार और सैफ अली खान की आने वाली फिल्म 'हैवान' की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी हो गई है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर पूरी टीम की आखिरी ग्रुप फोटो शेयर करते हुए यह खुशखबरी दी। इन तस्वीरों में सैफ अली खान, फिल्म के निर्देशक प्रियदर्शन और सैयामी खेर समेत कई कलाकार और क्रू मेंबर्स बेहद खुश नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्र्स के अनुसार, इस फिल्म में एक बहुत बड़ा कार चेज सीन फिल्माया गया है। इसमें 30-40 लग्जरी कारों और करीब 100 जूनियर आर्टिस्ट्स का इस्तेमाल किया गया। यह सीन चर्चगेट (मुंबई) की सड़कों पर लगातार 5 रातों तक शूट हुआ। इस शानदार एक्शन को विश्व प्रसिद्ध स्टंट डायरेक्टर स्टंट सिल्वा ने डिजाइन किया है। फिल्म 'हैवान' अगले साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीवी मसाला



# सिर्फ ट्रॉफी और कैश प्राइज ही नहीं गौरव ने जीती इतनी सारी चीजें

**नई दिल्ली।** टीवी के सुपरस्टार गौरव खन्ना ने 'बिग बॉस 19' की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। शो के होस्ट सलमान खान ने अनाउंस किया कि उन्हें सिर्फ ट्रॉफी ही नहीं, बल्कि 50 लाख रुपएकी प्राइज मनी भी मिली है। सिर्फ इतना ही नहीं, शो के दौरान गौरव ने कई सारी चीजें जीती हैं। बिग बॉस के घर में स्पॉन्सर टास्क हुआ था। इस टास्क के दौरान गौरव खन्ना को घरवालों के सबसे ज्यादा वोट्स मिले थे जिसकी वजह से सिट्रोएन उन्हें ब्रांड न्यू सिट्रोएन कार मिली थी। गौरव खन्ना को मोस्ट स्टाइलिश कंटेस्टेंट होने का खिताब मिला था और फ्लिपकार्ट ने उन्हें अपनी तरफ से 1.5 लाख रुपये का फ्लिपकार्ट वाउचर भी दिया था। डेन्यूब ने बिग बॉस के टॉप 6 कंटेस्टेंट्स से वादा किया था कि वह उन्हें क्रूज पार्टी का एक्सेस देगा। जब भी कंटेस्टेंट्स क्रूज पार्टी के पासेस लेकर दुबई जाएंगे तब डेन्यूब उन्हें लग्जरी क्रूज पार्टी को एक्सपीरियंस करने का मौका देगा। कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, गौरव खन्ना की एक हफ्ते की सैलरी 17.5 लाख रुपए की थी और उन्होंने बिग बॉस में 15 हफ्तों का सफर पूरा किया। मतलब उन्हें इस शो से कुल 2.62 करोड़ रुपये की फीस मिली है। इसके साथ ही उन्हें 50 लाख रुपये की प्राइज मनी भी मिली। यानी उन्होंने 'बिग बॉस 19' से कुल 3.12 करोड़ रुपए की कमाई की है।

## रूपल बनीं नोमिश की दुल्हनिया

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 9' का हिस्सा रह चुकीं रूपल त्यागी ने भी सात फेरे ले लिए हैं। उन्होंने नोमिश भारद्वाज से 5 दिसंबर को ही शादी की और अब उसकी ढेरों तस्वीरें इंटरनेट पर शेयर की। हालांकि, उनके इस वेडिंग एल्बम में दुल्हेराजा कहीं नजर ही नहीं आए। उनके दोस्तों ने जो साथ की फोटोज पोस्ट की थीं, उससे ही उनकी झलक देखने को मिली। 'सपने सुहाने लड़कपन' में गुंजन का किरदार निभाने वाली रूपल त्यागी ने अपनी शादी को प्राइवेट रखा। बहुत ही खास और करीबी को इन्वाइट किया था। रूपल त्यागी ने लाल रंग का लहंगा शादी के लिए चुना था। इस पर उन्होंने आर्टीफीशियल ज्वैलरी के बजाए, मां के गहने पहनना पसंद किया। सोने के आभूषणों से लदी एक्ट्रेस बेहद सुंदर लग रही थीं। रूपल त्यागी ने बताया कि उन्होंने अपनी मां का नेकलेस, इयरिंग, हाथफूल और कड़ा पहना था। उनके लहंगे की बेल्ट पर उनके और पति का आधा-आधा नाम लिखा था। नोमिश से वह मुंहई में दो साल पहले एक दोस्त के जरिए मिली थीं। उनके पति कैमरे के पीछे एनीमेशन में लॉस एंजिल्स में काम करते हैं।



# स्टेज पर परफॉर्म कर रही कनिका पर शख्स ने अचानक किया हमला

मुंबई। कनिका कपूर फिर से चर्चा में हैं। कनिका अपने किसी गाने की वजह से नहीं, बल्कि उनके साथ कॉन्सर्ट में हुए हादसे की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं। कनिका का एक वीडियो कॉन्सर्ट के दौरान का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स उनके साथ बदसलूकी करता नजर आ रहा है। कनिका कपूर बॉलीवुड की पसंदीदा गायिकाओं में से एक हैं। वह एक दशक से भी ज्यादा समय से लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। हाल ही में एक कॉन्सर्ट के दौरान कनिका पर एक शख्स ने हमला कर दिया, जो मंच पर पहुंचकर उन्हें उठाने की कोशिश कर रहा था। वो तो गनीमत है कि गायिका के सुरक्षाकर्मी सक्रिय थे और उन्होंने उस व्यक्ति को मंच से नीचे उतार दिया। इस घटना के कई वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कनिका का यह वीडियो मे-गोंग फेस्टिवल के दौरान का है। कनिका का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जहां कुछ लोगों का कहना है कि ये कनिका का प्रोफेशनलिज्म है कि उन्होंने बिना घबराए अपनी परफॉर्मेंस जारी रखी। तो वहीं कुछ कनिका के रिएक्शन को देखने के बाद इसे स्क्रिप्टेड इंसीडेंट बता रहे हैं।



# कॉमेडी-एक्शन से लेकर क्राइम-थ्रिलर तक, ओटीटी पर इस हफ्ते दर्शकों को मिलेगा एंटरटेनमेंट का डोज

***नई दिल्ली।*** *दिसंबर का दूसरा हफ्ता दर्शकों के लिए खास होने वाला है। साल के आखिर में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन की बारिश करने की पूरी प्लानिंग की जा चुकी है। हर बार की तरह इस बार भी कॉमेडी, थ्रिलर, मिस्ट्री, एडवेंचर और इमोशनल ड्रामा- हर जोनर का कंटेंट लाया गया है। नेटफ्लिक्स, जियोहॉटस्टार और जी 5 जैसे प्लेटफॉर्म्स पर एक से बढ़कर एक शो और फिल्में आपका इंतजार कर रही हैं। a*

**सिंगल पापा** : 12 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर अभिनेता कुनाल खेमू एक बार फिर हल्के-फुल्के, लेकिन दिल को छू लेने वाले किरदार में वापसी कर रहे हैं। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जो तलाक के बाद जिंदगी को नये ढंग से जीना चाहता है। इसी सोच में वह एक बच्चा गोद लेने का फैसला कर लेता है। यह निर्णय उसके पूरे परिवार को हैरानी में डाल देता है। कुनाल का यह किरदार हँसाता भी है और सोचने पर मजबूर भी करता है।

**मैन वर्सेज बेबी** : नेटफ्लिक्स पर ही 11 दिसंबर को मिस्टर बीन दस्तक देने वाले हैं। रोवन एटकिंसन की मौजूदगी ही कॉमेडी की गारंटी है। इस सीरीज में वह ट्रेवर बिंगली बने हैं—एक ऐसा शख्स जिसे क्रिसमस की छुट्टियों में एक आलीशान पेंटहाउस की देखभाल करनी है। सब कुछ तब बिगड़ जाता है जब वह एक परित्यक्त बच्चा पाता है। इसके बाद जो अराजकता शुरू होती है, वह दर्शकों को पेट पकड़ कर हँसने पर मजबूर कर देगी।

**परसी जैक्सन एंड द ओलंपियंस** : 10 दिसबंर को जियोहॉटस्टार पर मशहूर बुक सीरीज पर आधारित यह शो लौट आया है अपने नए रोमांच के साथ। इस बार परसी अपने दोस्तों के साथ एक खतरनाक मिशन पर जाता है- गोल्डन फ्लीस वापस लाने का। यह फ्लीस कैंप हाफ-ब्लड को बचाने के लिए जरूरी है। मिस्ट्री, मिथोलॉजी और मारधाड़ से भरपूर यह सीजन बच्चों और बड़ों दोनों को पसंद आएगा।



**साली मोहब्बत** : 12 दिसंबर को जी 5 पर ये फिल्म रिलीज हो रही है। राधिका आप्टे का नाम ही दमदार एक्टिंग की गारंटी है। इस थ्रिलर ड्रामा में वह एक ऐसी महिला बनी हैं जिसकी जिंदगी अचानक उस समय टूट जाती है, जब उसके पति और कज़िन की हत्या हो जाती है। छोटे शहर की यह कहानी धीरे-धीरे खुलते राज़, धोखे और रिश्तों में छिपे अंधेरे को सामने लाती है।

**सिटी ऑफ शैडोज** : बार्सिलोना की बैकड्रॉप पर बनी यह स्पेनिश क्राइम थ्रिलर दिल दहला देती है। एक ऐतिहासिक गाउदी बिल्डिंग पर लटके और जले हुए शव की बरामदगी के बाद शहर सनसनी में है। पुलिस इंस्पेक्टर मिलो मलार्ट, जो पहले ही सस्पेंड है, को मजबूरी में वापस बुलाया जाता है। केस की परतें खुलती हैं तो कहानी और गहरी होती जाती है। ये फिल्म 12 दिसबंर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

## अपनी साहसिक फैसलों से महिलाओं की ऑनस्क्रीन छवि को दी एक नई दिशा

# कभी मासूम बन पर्दे पर छाईं तो कभी बिकिनी पहन दिखाई बोल्डनेस

***नई दिल्ली।*** *भारतीय सिनेमा में अगर गरिमा, ग्लैमर, नजाकत और दमदार अभिनय को एक ही नाम से जोड़ा जाए, तो वह नाम है- शर्मिला टैगोर। 1946 में हैदराबाद में जन्मीं शर्मिला 81 वर्ष की हो चुकी हैं। सात दशकों से अधिक के फिल्मी सफर में उन्होंने अपनी सादगी, खूबसूरती और साहसिक फैसलों से न सिर्फ बॉलीवुड को बदला, बल्कि महिलाओं की ऑनस्क्रीन छवि को भी एक नई दिशा दी।*



### पढ़े-लिखे और संस्कारी परिवार में हुआ जन्म

शर्मिला टैगोर का जन्म एक सांस्कृतिक, शिक्षित और सम्पन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बचपन से ही साहित्य, संगीत और नृत्य से गहरा रिश्ता रहा। किशोरी उम्र में ही सत्यजीत रे ने उन्हें नोटिस किया और फिल्में उनके जीवन में ऐसे उतरीं कि फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### फिल्मी पर्दे पर धमाकेदार डेब्यू

वर्ष 1964 में रिलीज हुई रोमांटिक फिल्म 'कश्मीर की कली' ने शर्मिला टैगोर को रातों-रात स्टार बना दिया। उनकी सुंदरता, बड़ी आंखें, मासूम मुस्कान और सहज अभिनय ने दर्शकों को तुरंत दीवाना बना दिया। यह फिल्म पहले किसी और अभिनेत्री के पास जाने वाली थी, लेकिन किस्मत ने यहां से उन्हें अपार सफलता दी। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### शशि कपूर पर था क्रश

70 के दशक में शशि कपूर और शर्मिला टैगोर की जोड़ी को दर्शक हाथों-हाथ लेते थे। दोनों ने करीब 9 फिल्में साथ कीं और कैमिस्ट्री इतनी सहज थी कि शर्मिला खुद भी शशि कपूर पर क्रश होने की बात स्वीकार कर चुकी हैं। हालांकि, यह पसंद सिर्फ दोस्ती की दहलीज़ तक ही रही और दोनों अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए।

**बॉलीवुड की सबसे सुपरहिट जोड़ी** : अगर हिंदी सिनेमा में किसी जोड़ी ने लगातार हिट पर हिट दीं- तो वह राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर की जोड़ी थी। फिल्म आराधना, अमर प्रेम, सफर जैसी फिल्मों ने दोनों को स्टारडम की चरम सीमा पर पहुंचा दिया। एक दौर ऐसा भी आया जब शर्मिला टैगोर इंडस्ट्री की सबसे अधिक फीस लेने वाली अभिनेत्री बन गईं। 1950-60 के दशक में यह उपलब्धि किसी भी महिला कलाकार के लिए असाधारण थी।

**पहली भारतीय अभिनेत्री जिसने बड़े पर्दे पर पहनी बिकिनी** : साल 1967 की फिल्म 'एन इवनिंग इन पेरिस' में शर्मिला टैगोर का बिकिनी पहनना आज भी भारतीय सिनेमा के सबसे साहसिक पलों में शुमार है। उस दौर में जब परंपरागत भूमिकाओं से आगे बढ़ना लगभग नामुमकिन था, उन्होंने अपनी छवि बदलने का जोखिम उठाया। इस कदम ने महिलाओं के लिए ग्लैमर, आत्मविश्वास और आधुनिकता के नए रास्ते खोले। 1968 में उन्होंने फिल्मफेयर मैगजीन के कवर पर भी बिकिनी पहनकर इतिहास रच दिया।

**पटौदी पर दिल हारा और बनीं आयशा बेगम** : फ्लिमी फैन्स की भीड़ के बीच, शर्मिला टैगोर का दिल उस क्रिकेट स्टार पर आया जो कम बोलता था, लेकिन हर काम शाही अंदाज़ में करता था- मंसूर अली खान पटौदी। दोनों की प्रेम कहानी बेहद सादा और दिल से जुड़ी हुई थी। शादी के लिए शर्मिला ने धर्म परिवर्तन कर 'आयशा बेगम' का नाम अपनाया। यही रिश्ता आगे चलकर बॉलीवुड के सबसे रॉयल परिवारों में गिना जाने लगा। उनके तीन बच्चे- सैफ अली खान, सोहा अली खान और सबा अली खान आज अपने-अपने क्षेत्र में स्थापित नाम हैं।



### अभिनेत्री ने दीं लगातार हिट फिल्में

शर्मिला टैगोर ने देवानंद, धर्मेंद्र, शम्मी कपूर, राजेश खन्ना और शशि कपूर जैसे सभी टॉप अभिनेताओं के साथ काम किया। उन्होंने कई पुरस्कार जीते जिनमें राष्ट्रीय पुरस्कार, फिल्मफेयर अवॉर्ड, पॉपुलर एक्ट्रेस अवॉर्ड, लाइफटाइम अचीवमेंट जैसे पुरस्कार शामिल हैं। वो सेंसर बोर्ड की चेयरपर्सन भी रहीं और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं।

